# Session- 2021-22

परिक्षेत्र स्तर बैड़मिंटन (पुरूष / महिला) प्रतियोगिता का आयोजन– शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर (छ.ग.) में हुआ,






परिक्षेत्र स्तर खो–खो (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन– हॉलीक्रॉस वीमेन्स कॉलेज अम्बिकापुर (छ.ग.) में हुआ,





परिक्षेत्र स्तर व्हॉलीबॉल (पुरूष) प्रतियोगिता का आयोजन– शासकीय कलिदास महाविद्यालय प्रतापपुर (छ.ग.) में हुआ,



परिक्षेत्र स्तर फुटबॉल (पुरूष) प्रतियोगिता का आयोजन– शासकीय बाला साहेब देशपांड़े महाविद्यालय, कुनकुरी, जशपुर नगर (छ.ग.) में हुआ,





परिक्षेत्र स्तर एथलेटिक्स (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता का आयोजन– राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर (छ.ग.) में हुआ,





परिक्षेत्र स्तर कबड्डी (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन– शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय सूरजपुर (छ.ग.) में हुआ, (उपविजेता)











परिक्षेत्र स्तर खो–खो (पुरूष) प्रतियोगिता का आयोजन–शासकीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय सीतापुर (छ.ग.) में हुआ, (उपविजेता)








# Session - 2019-20

परिक्षेत्र स्तर खो–खो (पुरूष) प्रतियोगिता का आयोजन– एन.ई.एस. शासकीय महाविद्यालय जशपुर नगर (छ.ग.) में हुआ, और द्वितीय स्थान प्राप्त किया।





परिक्षेत्र स्तर कबड्डी (पुरूष) प्रतियोगिता का आयोजन–शासकीय रा.प्र.सिं.दे. महाविद्यालय बैकुण्ठपुर (छ.ग.) में हुआ, और द्वितीय स्थान प्राप्त किया।





परिक्षेत्र स्तर खो–खो (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन– शासकीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय सीतापुर (छ.ग.) में हुआ।





परिक्षेत्र स्तर व्हॉलीबॉल (पुरूष) प्रतियोगिता का आयोजन–शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय सूरजपुर में हुआ, और द्वितीय स्थान प्राप्त किया।









परिक्षेत्र स्तर एथलेटिक्स (पुरूष/महिला) प्रतियोगिता का आयोजन– राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर में हुआ ।










# Session -2018-2019

परिक्षेत्र स्तर खो–खो (पुरूष) प्रतियोगिता का आयोजन– ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय पत्थलगांव जशपुर (छ.ग.) में हुआ, और प्रथम स्थान प्राप्त किया।





राज्य स्तरीय एंव अन्तर्विश्वविद्यालयीन स्तर खो–खो (पुरूष) प्रतियोगिता में सहभागिता–












राज्य स्तरीय एंव अन्तर्विश्वविद्यालयीन स्तर कबड्डी (महिला) प्रतियोगिता में सहभागिता–





परिक्षेत्र स्तर कबड्डी (पुरूष) प्रतियोगिता का आयोजन– शासकीय विवेकानन्द महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़, कोरिया (छ.ग.) में हुआ और द्वितीय स्थान प्राप्त किया।





परिक्षेत्र स्तर कबड्डी (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन– राजमोहनी देवी शासकीय महिला महाविद्यालय अम्बिकापुर (छ.ग.) में हुआ ।





परिक्षेत्र स्तर क्रॉस कंट्री (पुरूष) प्रतियोगिता



अन्तर्विश्वविद्यालय स्तर क्रॉस कंट्री (पुरूष) प्रतियोगिता



# Session -2017-18

परिक्षेत्र स्तर कॉस कंट्री (पुरूष/महिला) प्रतियोगिता का आयोजन– सरस्वती महाविद्यालय अम्बिकापुर (छ.ग.) में हुआ ।






नई दुनिया, सरगुजा, दिनांक - 22-09-2017

## क्रॉसकंट्री में सूरजपुर व भैयाथान कॉलेज अव्वल

अंबिकापुर। नईदुनिया प्रतिनिधि

सरस्वती महाविद्यालय में सरगुजा विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी महाविद्यालयों के खिलाड़ियों के बीच क्रॉसकंट्री का आयोजन किया गया जिसमें नौ महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

अंतर महाविद्यालयीन क्रॉसकंट्री प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय शाखा सेंट्रल बैंक के सौजन्य से किया गया। क्रॉसकंट्री का शुभारंभ सेंट्रल बैंक के शाखा प्रबंधक श्री केरकेट्टा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व ध्वज दिखाकर किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीपी तिवारी ने प्रतिभागियों का परिचय कराया। ध्वज दिखाकर क्रॉसकंट्री दौड़ की शुरुआत की गई। प्रतियोगिता में सूरजपुर महाविद्यालय प्रथम स्थान पर व ओड़गी महाविद्यालय दूसरे व तीसरे स्थान पर रहा। महिला समूह में भैयाथान महाविद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आयोजन में खेल प्रभारी राकेश सिंह, श्री राजक, आराधना आयंगर, किशन सारथी, मलय दास, शेषाद्रीवासन, धीरेन्द्र जायसवाल, ऋषि सिंह, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, प्रवीण शर्मा, अनिमेश, सुरेश व विभिन्न महाविद्यालय के खेल प्रभारी मौजूद थे। क्रॉसकंट्री में अव्वल आने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर के क्रॉसकंट्री में हिस्सा लेने का अवसर मिलेगा।

मैदान में उतरे खिलाड़ी।

# Session-2016-17

The Hitavada

www.navabharat.org



विजयी प्रतिभागियों के साथ अतिथि

Navbharat
4.09.2016

## क्रॉसकंट्री में महेन्द्र एवं चंद्रावती अव्वल

अम्बिकापुर.

सरगुजा विश्वविद्यालय अम्बिकापुर के तत्वाधान में अंर्तमहाविद्यालय क्रॉसकंट्री प्रतियोगिता का आयोजन आज श्री साई बाबा आदर्श महाविद्यालय में किया गया. प्रतियोगिता के पुरूष वर्ग में शासकीय रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय सूरजपुर के महेन्द्र सिंह प्रथम स्थान पर रहे, इसी महाविद्यालय की चंद्रावती ने महिला वर्ग में बाजी मारी.

आयोजन सचिव एवं महाविद्यालय के क्रीडा अधिकारी ब्रम्हेश श्रीवास्तव ने बताया कि पुरूष वर्ग के लिए 12 किमी तथा महिला वर्ग के लिए 6 किमी की इस दौड को महाविद्यालय के अध्यक्ष विजय कुमार इंगोले ने झंडा दिखाकर प्रारंभ कराया. प्रतियोगिता में सरगुजा विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों/शिक्षण विभाग के 34 पुरूष एवं 30 महिला प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. प्रतियोगिता समापन के उपरांत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाडियों को पुरस्कृत किया गया. पुरस्कार वितरण समारोह में विजय कुमार इंगोले ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए जीवन की दौड में भी सदैव आगे रहने की प्रेरणा दी. महाविद्यालय के सचिव अजय कुमार इंगोले ने कहा कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों एवं विजेताओं की मेहनत से शिक्षा मिलती है कि सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता. प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि कठिन परिश्रम एवं निरंतर अभ्यास से ही खिलाडी विजेता बनता है. समाज के प्रत्येक क्षेत्र में आगे निकलने के लिए इन गुणों की आवश्यकता होती है.

**आयोजन**

- साई बाबा महाविद्यालय में प्रतियोगिता का आयोजन
- जीवन की दौड़ में भी आगे रहे प्रतिभागी

---

बिलासपुर, रविवार 4 सितंबर, 2016 | 14

दैनिक भास्कर
04.09.2016

## क्रॉसकंट्री में महेंद्र और चंद्रावती रहे आगे

### साईं कॉलेज में क्रासकंट्री प्रतियोगिता आयोजित

भास्कर संवाददाता | अंबिकापुर

सरगुजा यूनिवर्सिटी के तत्वावधान में श्री साई बाबा कॉलेज में शनिवार को आयोजित अंतर्महाविद्यालयीन क्रॉसकंट्री प्रतियोगिता में रेवती रमण कॉलेज सूरजपुर के महेंद्र सिंह एवं चंद्रावती ने बाजी मारी। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग के लिए 12 किमी एवं महिला वर्ग के लिए 6 किमी की दौड़ रखी गई थी, जिसे कॉलेज के अध्यक्ष विजय इंगोले ने झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रतियोगिता में सरगुजा यूनिवर्सिटी से संबंद्ध विभिन्न कॉलेजों के 34 पुरुष एवं 30 महिला प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता के पुंरुष वर्ग में रेवती रमण कॉलेज सूरजपुर के महेंद्र सिंह प्रथम, साई कॉलेज के बसंत द्वितीय व पीजी कॉलेज के प्रकाश सिंह तृतीय स्थान पर रहे। वहीं महिला वर्ग में रेवती रमण कॉलेज सूरजपुर की चंद्रावती प्रथम, इसी कॉलेज से पार्वती सिंह द्वितीय एवं सरस्वती कॉलेज से राखी राजवाड़े तृतीय स्थान पर रहीं। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विजय इंगोले ने कहा कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों एवं विजेताओं की मेहनत से शिक्षा मिलती है कि सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता। प्राचार्य डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि कठिन परिश्रम एवं निरंतर अभ्यास से ही खिलाड़ी विजेता बनता है। इस अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी ब्रम्हेश श्रीवास्तव, एसएस अली, पीपी कुजूर, रानू निशा, ऋषि कुमार आदि मौजूद थे।

✓ सम्मान... पत्रिका - 23.2.17

# उड़नपरी चन्द्रावती ने प्रदेश में चमकी

## रायपुर में आयोजित हॉफ मैराथन में द्वितीय पुरस्कार पर जमाया कबज



पुरस्कृत करते अतिथि

सूरजपुर. जिले की उडनपरी के नाम से मशहूर मैराथन धाविका चन्द्रावती राजवाड़े ने 19 फरवरी को आयोजित राज्य हॉफ मैराथन में सूरजपुर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य मैराथन 21 किलोमीटर प्रतिस्पर्धा में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है। द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर मुख्यमंत्री डा रमन सिंह ,खेलमंत्री भैयालाल राजवाड़े, मशहूर धावक मिल्खा सिंह एवं दंगल गर्ल गीता फोगाट द्वारा चन्द्रावती को 75000 रुपए पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया। खेल अधिकारी मो गौस बेग ने बताया कि चन्द्रावती विकासखण्ड प्रेमनगर के ग्राम बरबसपुर जैसे छोटे गांव की धाविका है। विगत 5 वर्षो से चन्द्रावती विभिन्न मैराथन दौड प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गांव के साथ -साथ जिला का नाम भी रौशन किया है। उल्लेखनीय है कि 5 फरवरी को इन्दौर मध्यप्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय ओपन मैराथन 10 किलोमीटर प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए 3000 रुपए की राशि प्राप्त की थी एवं 12 फरवरी को जिला सरगुजा के मैनपाट में आयोजित क्वाटर मैराथन में महिला वर्ग के 11 किलोमीटर की दौड में प्रथम स्थान हासिल करते हुए 25000 का पुरस्कार जीता था। फरवरी माह में 3 बडे राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर की मैराथन प्रतिस्पर्धा में चन्द्रावती ने लगातार उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए सूरजपुर जिले को एक अलग पहचान दी है। चन्द्रावती के उपलब्धि पर सूरजपुर जिले के कलक्टर जीआर. चुरेन्द्र के निर्देशन पर कार्यालय कलक्टोरेट परिसर में एक कार्यक्रम आयोजित कर चन्द्रावती को ट्रेकसूट एवं पुष्पगुच्छ देकर उत्साहवर्धन करते हुए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर जेआर. भगत, ज्योति सिंह व डा० प्रियंका वर्मा, जिला खाद्य अधिकारी अमृत कुजूर, खनिज अधिकारी त्रिवेणी देवांगन , जिला योजना सांख्यिकीय अधिकारी एलके. त्रिपाठी, संस्कृति विभाग के प्रभारी डा० मोहन साहू, खाद्य निरीक्षक मनोज सारथी , जन शिक्षक अनुराग सिंह बघेल, आरिफ अहमद, पंकज डोंगरे, नरेश कुशवाहा, पार्वती सिंह सहित परिसर के अधिकारी - कर्मचारी उपस्थित थे।

---

## क्रॉस कन्ट्री दौड़ में राखी व महेन्द्र रहे 'प्रथम'





## मुख्यमंत्री ने नपा अध्यक्ष को सौंपी स्वर्ण रथ की चाबी



## हिन्दी पखवाड़ा में दिखा काव्य-साहि



## क्रास कंट्री स्पर्धा में राखी व महेन्द्र रहे अव्वल



अम्बिकापुर। नगर के सरस्वती महाविद्यालय में अन्तर महाविद्यालयीन क्रास कंट्री का आयोजन आज किया गया। आयोजन की शुरूआत मुख्य अतिथि करता राम गुप्ता द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। स्पर्धा में सरस्वती महाविद्यालय के अलावे साईं बाबा आदर्श महाविद्यालय, शासकीय कन्या महाविद्यालय, होलीक्रास महाविद्यालय, शासकीय महाविद्यालय प्रतापपुर, रेवतीरमण मिश्र अग्रणी शासकीय महाविद्यालय सूरजपुर व शासकीय महाविद्यालय ओड़गी के प्रतियोगियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में महिला वर्ग के लिए 6.5 किमी तथा पुरूष वर्ग के लिए 13 किमी निर्धारित किया गया था। महिला वर्ग में प्रथम स्थान राखी, द्वितीय सविनय व तृतीय स्थान अंजली ने प्राप्त किया। पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान महेन्द्र सिंह, द्वितीय शिवकुमार राजवाड़े व तृतीय स्थान बसंत ने प्राप्त किया। संस्था के प्राचार्य डॉ.बीपी तिवारी द्वारा प्रतियोगी छात्रों को शुभकामनाएं दी गई। साथ ही स्पर्धा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगी

## क्रास कंट्री दौड़ में राखी व महेंद्र ने बाजी मारी

भास्कर संवाददाता | अंबिकापुर



सरस्वती कॉलेज में अंतर महाविद्यालयीन क्रास कंट्री का आयोजन गुरुवार को किया गया। इसमें सरस्वती कॉलेज, साईं बाबा आदर्श कॉलेज, शासकीय कन्या कॉलेज, होलीक्रास कॉलेज, शासकीय प्रतापपुर कॉलेज, शासकीय सूरजपुर कॉलेज, शासकीय ओड़गी कॉलेज के प्रतियोगियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ करताराम गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर किया। प्रतियोगिता में महिला वर्ग के लिए 6.5 किलोमीटर, पुरुष के लिए 13 किलोमीटर दौड़ रखा गया था। महिला वर्ग में प्रथम स्थान राखी ने 31 मिनट 13 सेकेंड, द्वितीय सविनय एवं तृतीय अंजलि ने प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान महेंद्र सिंह ने 40 मिनट 31 सेकेंड, द्वितीय शिवकुमार राजवाड़े एवं तृतीय स्थान बसंत ने प्राप्त किया। संस्था के प्राचार्य डा. बीपी तिवारी ने प्रतियोगियों को शुभकामनाएं दी। विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एस. त्रिपाठी, बद्रीश श्रीवास्तव, एसएस अली, विष्णु कुमार मौजूद थे। यह जानकारी सरस्वती कॉलेज के प्रवीण शर्मा ने दी।

## धरना-प्रदर्शन में एक हजार से ज्याद अधिकारियों ने लिया भाग

## अन्तर महाविद्यालयीन क्रासकन्ट्री स्पर्धाः 6 व 13 किमी दौड़ में राखी व महेन्द्र ने बाजी मारी



स्पर्धा में भाग लेते खिलाड़ी



# Cultural Programme

वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण सप्ताह–2017–18









युवा उत्सव 2020–21






**<u>नृत्य प्रतियोगिता –2019–20</u>**










**<u>मेहन्दी प्रतियोगिता – 2019–20</u>**





<u>एड्स दिवस के उपलक्ष्य पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया–</u>





























<u>वनस्पति विज्ञान विभाग में विदाई सामारोह 2020–21</u>



चित्रकला एवं निबंध–लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया–











सर्तकता जागरूकता सप्ताह –2018






अंबिकापुर सिटी पत्रिका . 16

दिनांक = 20.01.17

कार्यक्रम...

# समाज के लिए प्रेरणादायक हैं 'युवा'

## पंडित रेवतीरमन मिश्र कॉलेज में वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते गृहमंत्री व अन्य अतिथि

सूरजपुर. गृहमंत्री रामसेवक पैकरा के मुख्य आतिथ्य में गुरुवार को शासकीय पंडित रेवती रमन मिश्र महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें विधायक प्रेमनगर खेलसाय सिंह, पूर्व पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष भीमसेन अग्रवाल, छत्तीसगढ़ व्यापारी प्रकोष्ठ के संयोजक बाबूलाल अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष धलेश्वर साहू, उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष मुकेश गर्ग व कलक्टर जीआर चुरेन्द्र विशेष रूप से उपस्थित थे।

पुरस्कार वितरण समारोह में पैकरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि सूरजपुर जिला नाम के अनुरूप आगे बढ़ रहा है और विकास कर रहा है। उन्होंने महाविद्यालय में छात्राओं की अधिक संख्या को देखते हुए कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। पैकरा ने कहा महाविद्यालय की आवश्यकता अनुसार जो मांग किया जा रहा है उसे पूरा किया जायेगा। गृहमंत्री ने बताया कि युवा हमारी ताकत हैं और अज्ञानतावश युवा भटक रहे हैं। युवा समाज और परिवार के लिए प्रेरणादायक हैं। उन्होंने कहा कि ध्यान लगाकर पढ़ें और अपने भविष्य के निर्माण करें। उन्होंने अपने छात्र जीवन को याद करते हुए बताया कि मुझे यहां तक पहुंचने में 25 वर्ष लग गए। इस अवसर पर पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष भीमसेन अग्रवाल ने कहा कि जब से महाविद्यालय खुला है निरन्तर आगे बढ़ता रहा है इस महाविद्यालय में वाई-फाई जोन का विस्तार हुआ है। गृहमंत्री के आने से महाविद्यालय की समस्या का समाधान हो रहा है हर मांगें पूरी हो रही हैं। खेल कूद के पर्याप्त साधन होने से जिले का नाम रोशन हो रहा है। छत्तीसगढ़ व्यापारी प्रकोष्ठ के संयोजक बाबूलाल अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थी शासन की योजनाओं की जानकारी रखें और उसका लाभ उठायें खूब मेहनत करें और आगे बढ़ें। नगरपालिका अध्यक्ष धलेश्वर साहू नेअपने उद्बोधन में कहा कि महाविद्यालय में अध्ययन करना जीवन का प्रथम सोपान होता है। विद्यार्थी अपने कैरियर के बारे में सोचता है पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ें। रितेश गुप्ता ने महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं को देश का कर्णधार बताया। वहीं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष मुकेश गर्ग ने बताया कि महाविद्यालय की हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. एसएस अग्रवाल ने महाविद्यालय का संक्षिप्त परिचय देते हुए कहा कि 1984 में महाविद्यालय में मात्र 42 छात्र-छात्राओं से प्रारंभ किया गया था अब महाविद्यालय में 1074 छात्र-छात्राएं नियमित रूप से अध्ययन कर रहे हैं। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि नरेश रजवाड़े, प्रतापपुर जनपद उपाध्यक्ष संतोष सिंह, अशोक गुप्ता, मुकेशलाल पैकरा, राजेश अग्रवाल सनेत जनप्रतिनिधिगण व महाविद्यालय के छात्रसंघ अध्यक्ष कृष्णकान्त जायसवाल, उपाध्यक्ष छात्र संघ अंजली खर्रा, सचिव छात्रसंघ सुजाता सिंह,सह सचिव रानू सोनवानी व बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एचएन दुबे ने किया।

### इन्हें मिला पुरस्कार

पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा महाविद्यालय में वार्षिक परीक्षा में अच्छे परिणाम लाने पर वर्षा गोयल, रूपवती कश्यप, कांति सिंह, पूजा सिंह, अंबिका सिंह, रामप्रकाश साहू, मुकेश कुमार साहू, लोकेश जैन, प्रिया वर्मा को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। वहीं खेल प्रतियोगिताओं में राज्य स्तरीय कबड्डी खो-खो, एथलेटिक्स आदि में सत्य सिंह, महाविद्यालयीन स्तर पर प्रतिभावान खिलाड़ियों एथलेटिक्स में नरेन्द्र एवं पार्वती को, राष्ट्रीय स्तर सेपक्टाकरा में सोहन सिंह एवं महेश कुमार तथा ... को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### परीक्षा में सफल होने करें मेहनत

कलक्टर जीआर चुरेन्द्र ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन देश को महान बनाता है, वार्षिकोत्सव के बाद विद्यार्थी परीक्षा के तैयारी में लग जाएं और मेहनत को सार्थक बनाने के लिए मेहनत करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा की अवधि में कोलाहल नियंत्रण के तहत कोई भी व्यक्ति म्यूजिक और लाउड स्पीकर का उपयोग नहीं कर सकता यह नियम 31 दिसम्बर से लागू हो गया है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी एक नई पहचान बनाएं। जीवन में कर्मठता से कार्य करें।